SY-205

Reg. No. : ....

Name : ....

SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2026

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न वाचन के लिए **15** मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

सूचना : 1 से **5** तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें : **(5 × 1 = 5)**

1. 'सपने का भी हक़ नहीं' किसकी रचना है ?

   (कुँवर नारायण, डॉ. जे. बाबू, हरिशंकर परसाई)

2. लेखिका को स्कूटरवाला कैसा लगा ?

   (पीर जैसा, पागल जैसा, क्रोधी जैसा)

3. 'ज़मीन एक स्लेट का नाम है' किस विधा की रचना है ?

   (कहानी, संस्मरण, आत्मकथा)

4. 'राजवंती' किस पाठ का पात्र है ?

(मुरकी उर्फ़ बुलाकी, वह भटका हुआ पीर, दवा)

5. मातृभूमि का परिधान क्या है ?

(रत्नाकर, शेषफन, नीलांबर)

सूचना : 6 से **8** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(2 × 2 = 4)**

6. प्रश्नवाचक शब्दों की सहायता से दो प्रश्न बनाएँ । (कौन, कहाँ)
बादशाह लकड़ी के मकान में कैद है ।

7. मज़दूरिन का सपना कब टूट जाता है ?

8. सार्थक वाक्य में बदलें ।
कविकाअंतिमक्षणआपहुँचा ।

सूचना : कवितांश पढ़ें और **9** से **11** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :

'हे फूल, तू अन्न है इस छोटी बहन के लिए
इससे बढ़कर पुण्य भला क्या है !
तुझे चढ़ाकर भला अब
क्या पाऊँ मैं .... ।
खाली हाथ,
आगे बढ़ जाता हूँ मैं
'मेरे हाथ से, मेरे हाथ से'
का दीन स्वर धीमा होता जाता है ......।

9. कौन खाली हाथ आगे बढ़ जाता है ? **(1)**

10. 'इससे बढ़कर पुण्य भला क्या है !' – किससे बढ़कर ? **(2)**

11. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। **(6)**

सूचना : 12 से **16** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें। **(3 × 4 = 12)**

12. ये प्रसंग पढ़ें और ज़मीन बेचने के लिए विवश पिताजी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें :
    - अगले दिन रजिस्ट्री तक खामोश रहना।
    - बेटी की विदाई पर दुखी होना।

13. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें।

नभ गुँजाती
नीड़ गिरे शिशु पै
मँडराती माँ

14. पदों को जोड़कर वाक्य पल्लवन करें।

किसी व्यक्ति से भाड़ा लेकर घर लौट आई

	दयालु

	राह का

15. ‘खाना-पीना साथ है,
मरना-जीना साथ है’ –
दोस्ती की विशेषता पर टिप्पणी लिखें ।

16. जीवन–वृत्त पढ़ें और अनुच्छेद लिखें ।

जीवन–वृत्त		
नाम	:	हरिशंकर परसाई
जन्म	:	1924
जन्मस्थान	:	मध्य प्रदेश
प्रमुख रचनाएँ	:	‘हँसते हैं रोते हैं’, जैसे उनके दिन फिरे
विशेषता	:	हिंदी के प्रसिद्ध लेखक और व्यंग्यकार
मृत्यु	:	1995

सूचना : गद्‌यांश पढ़ें, प्रश्न **17** और **18** के उत्तर लिखें ।

भविष्य में हमें विश्राम करना या चैन से नहीं बैठना है बल्कि निरंतर प्रयास करना है ताकि हम जो वचन बार–बार दोहराते रहे हैं और जिसे हम आज भी दोहराएँगे, उसे पूरा कर सकें । भारत की सेवा का अर्थ है लाखों–करोड़ों पीड़ित लोगों की सेवा करना । इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना । हमारी पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ ।

17. भारत की सेवा का अर्थ क्या है ? **(2)**

18. गद्‌यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

सूचना : 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें । **(3 × 6 = 18)**

19. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

सुतमुख देखि जसोदा फूली ।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली ।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई ।
तनक तनक सी दूध की दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई ।।
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अघाई ।
'सूर' स्याम किलकत द्विज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई ।।

20. गर्मी की एक साँझ में स्कूटरवाला लेखिका के गेट के सामने आया । लेखिका उससे कुशल-क्षेम पूछने लगी । लेखिका और स्कूटरवाले के बीच की बातचीत लिखें ।

- गरीबी में जीवन बिताना
- माँ के उपदेश का पालन करना
- राहगीरों को पानी पिलाना

21. आपके स्कूल में सौहृदा क्लब द्वारा खाद्योत्सव (food fest) होने वाला है । उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

22. अंग्रेज़ी खंड का अनुवाद हिंदी में करें ।

Amitabh Bachchan is a famous Indian actor. He was born on October 11, 1942 in Allahabad. He is the son of famous Hindi poet Harivansh Rai Bachchan. In 2015 he was honoured with the Padma Vibhushan.

[actor – अभिनेता, honoured – सम्मानित]

सूचना : 23 से **26** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखें : **(3 × 8 = 24)**

23. विहान कंपनी की ओर से नई चाय पत्ती (Tea) बाज़ार में आई है । उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

    - हर बूँद में ताज़गी
    - गुणवत्ता और कम दाम
    - ऊर्जा के लिए बेहतरीन
    - स्वाद का सही संतुलन

24. विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने के बाद लेखक अपना अनुभव डायरी में लिखते हैं । लेखक की वह डायरी लिखें ।

    - पारामारिबो शहर
    - गिरमिटिया श्रमिक
    - राष्ट्रपति का भाषण
    - हिंदी का प्रचार-प्रसार

25. पति द्वारा उपेक्षित मुरकी को राजवंती अपने यहाँ आश्रय देती है । राजवंती मुरकी के बारे में अपने मित्र को पत्र लिखती है । राजवंती का वह पत्र तैयार करें ।

    - मुरकी को गाँव से लाना
    - कुमार की देखभाल करना
    - पति द्वारा उपेक्षित होना
    - राजवंती के घर लौट आना

26. आठ सही शब्द-जोड़े चुनकर लिखें ।

Advance ग्रहण Average Geography

Ratio Eclipse उपग्रह प्रतिशत

भूगोल Satellite पेशगी Cess

Percent उपकर अनुपात

औसत